04 अग्रसेन जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह...



07 12 अक्टूबर को राजगढ़ में निकलेगा आरएसएस...





### खबर संक्षेप

### 25 से 27 तक गीता मानस भवन में लगेगा स्वदेशी उत्पाद मेला

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिला स्तर पर स्वसहायता समूह उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर स्थित गीता मानस भवन में 25 सितंबर से 27 सितंबर तक तीन दिवसीय स्वदेशी उत्पाद मेला का आयोजन किया जाएगा। इस स्वदेशी उत्पाद मेले में विभागीय योजनाओं के लाभांवित समूहों, हितग्राहियों और स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय उत्पादित सामग्रियों के स्टॉल लगाये जाएंगे।

### पेंशन प्रकरणों के शीध्रता से निराकरण के लिए शिविर आयोजित

**सीहोर।** जिला पेंशन कार्यालय सीहोर में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 24 सितम्बर को शिविर आयोजित किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये है कि 24 सितम्बर को आयोजित पेंशन निराकरण शिविर में अपने अधिनस्थ कार्यालय के सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरण का शीध्रता से निराकरण कराये इसमें की प्रकार की कठिनाईयों के निराकरण के लिए जिला पेंशन कार्यालय में शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में आप अपने अधिनस्थ लेखा सहायक/स्थापना प्रभारी/पेंशन प्रकरण क्रियेटर के साथ लंबित पेंशन प्रकरणों की सेवापुस्तिका एवं समस्त संलग्न दस्तावेजो के साथ 24 सितम्बर को दोप 12 बजे जिला पेंशन कार्यालय में अनिवार्यत उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जिले में अब तक 1011.2 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में 1 जून से 23 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 1011.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1038.1 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 23 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 910.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 933.5, आष्टा में 837.0, जावर में 778.0, इछावर में 908.3, भैरूंदा में 1044.0, बुधनी में 1446.0 तथा रेहटी में 1231.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बीते 25 दिन से फसल बीमा की राशि की मांग को लेकर क्षेत्र के किसान कर रहे आंदोलन

# फसल सर्वे करने पहुंची टीम को किसानों ने खराब सोयाबीन के पौधे व जंगली फूलों का दिया गुलदस्ता

किसानों को कहना है कि फसल बीमा राशि मिलने से वह अपने परिवार को आर्थिक तंगी से दूर कर सकेंगे और कृषि कार्य को आगे बढ़ा पाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





ग्राम चंदेरी और भगवानपुरा के किसानों ने खराब सोयाबीन फसल को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से बड़ा अनोखा विरोध जताया। कृषि विकासखंड अधिकारी कमल सिंह ठाकुर, कृषि विस्तार अधिकारी दीपिका नागर और पटवारी आशीष तिवारी जब खेतों में सर्वे करने पहुंचे तो किसानों ने उन्हें जंगली फूलों के साथ खराब सोयाबीन की फसल से बना गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों किसान मौजूद रहे, जिनमें गोपाल सिंह, ज्ञान सिंह, गब्बर सिंह, बहादुर सिंह, नारायण सिंह, शेर सिंह, रामप्रसाद सहित अनेक किसान शामिल थे।

ज्ञात रहे समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले एक महीने से किसान लगातार आंदोलनरत थे। कभी जल सत्याग्रह, कभी घंटी बजाकर प्रदर्शन तो कभी सड़क पर उतरकर उन्होंने अपनी आवाज उठाई। किसानों की मांग है कि पिछले 5 वर्षों से लगातार खराब हो रही सोयाबीन की फसल की बीमा राशि तत्काल दिलाई जाए।

किसानों ने कहा कि उनकी इस लड़ाई को मजबूती देने में पत्रकारों और मीडिया का बड़ा योगदान रहा है, जिन्होंने किसानों की आवाज को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन की खबरें केंद्र और राज्य सरकार तक पहुंचीं। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर कलेक्टर को तत्काल सर्वे कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी किसानों ने धन्यवाद दिया। किसानों का कहना है कि फसल बीमा राशि मिलने से ही वे अपने परिवार और कृषि कार्य को आगे बढ़ा सकेंगे। खराब सोयाबीन का गुलदस्ता भेंट कर किसानों ने अनोखे अंदाज में अपनी पीड़ा और उम्मीद दोनों व्यक्त की।

#### पांच साल से नहीं मिली बीमा राशि

ग्राम चंदेरी में ग्राम भगवानपुर में खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे किया गया। इस मौके पर किसान किशन गोपाल सिंह मेवाड़ा, शेर सिंह, बहादुर सिंह, गब्बर सिंह, ज्ञान सिंह, नारायण सिंह, रामप्रसाद सहित बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने 5 साल से खराब हुई सोयाबीन की फसल की बीमा राशि देने की मांग भी की गई है।

## गुम हुई महिला का शव तालाब में तैरता मिला

### मामला लाड़कुई के गांव झाली की गुम हुई महिला का, शव दूसरे दिन गांव तालाब में तैरता मिला



**भैरुंदा।** तहसील के लाड़कुई चौकी क्षेत्र के ग्राम झाली की एक गुम महिला शव गांव के बने तलाव में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया जहां महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुप्रूत किया गया।

मामला लाड़कई के गांव झाली का है जहां एक महिला। गुमशुदगी की सूचना चौकी पर पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर पुलिस बल द्वारा ग्रामीणों की मदद से तलाव में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया। देर शाम होने की वजह से महिला की तलाश नहीं की जा सकी, वही स्थानीय लोगों का कहना था महिला के गुम हो गई है। एक और तालाब के किनारे पड़ी महिला की चप्पलो के आधार पर स्थानीय गोताखोर की मदद से देर शाम तक तलाश की गई। कोई सफलता नही मिली। सोमवार सुबह महिला का शव तालाब मे तेरता नजर आया, मौके पर मौजूद लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। जहा शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। लाड़कई चौकी प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि महिला की शादी हो चुकी थी।। मोनिका पति सूरज जाट मलाजपुर हाल निवास झाली लगभग 3 माह से अपने माता, पिता के साथ ही रह रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मर्ग क़ायम कर आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

## सैनिकों पर महिला बैंक कर्मचारी ने की अभद्र टिप्पणी, सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुंबई की एक बैंक कर्मचारी का ऑडियो सामने आया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर गुस्सा उमड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह ऑडियो बैंक की एक कर्मचारी अनुराधा वर्मा है। इसको लेकर सीहोर में पूर्व सैनिक संगठन ने ज्ञापन सौंपकर महिला कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इसको लेकर संगठन के मीडिया प्रभारी मुकेश इटावदिया ने बताया कि एक निजी बैंक कर्मचारी हैं, जिसने सेना के जवानों को दुरसंचार के माध्यम से बहुत ही अभद्र शब्द कहे है, इसी प्रकार शहीद सैनिकों के विषय में भी बहुत ही तुच्छ शब्दों का प्रयोग किया है, सैनिकों के बच्चे एवं परिवार के विषय में भी जो टिप्पणी की है वह लज्जाजनक है, वह पुरी अनुचित वार्ता जो दुरभाष पर बैंक महिला कर्मचारी द्वारा की गई है, उसे सुनकर सीहोर जिले के सभी पूर्व सैनिक व्यथित हुए हैं और बहुत गुस्से में है, और पुछना चाहते हैं, कि इन कर्मचारियों को ट्रेनिंग इसी प्रकार व्यवहार करने की दी जाती है, क्या? अगर नहीं तो कृपया इस पढ़ी-लिखी महिला के विरूद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही की जावे।

इसमें वह लोन रिकवरी के लिए सेना के एक जवान को कॉल करती है। इस दौरान सेना के जवान ने ज्यादा ब्याज पर सवाल उठाया तो वह उसके ऊपर भड़क जाती है। उसे भद्दी-भद्दी गालियां देती है और यहां तक कि पूरी सेना और शहीदों के लिए आपत्तिजनक शब्द कहती है।

## मरीह माता मंदिर में नवरात्रि के नौ दिनों में मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। मंगलवार को यहां पर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दूसरे दिन मां के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की। यहां पर सुबह हवन के पश्चात आरती की गई। वहीं पांच दर्जन से अधिक कन्याओं को भोजन के पैकेटों का वितरण किया। उक्त आयोजन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, जितेन्द्र तिवारी सहित अन्य के द्वारा किया जा रहा है। वहीं सुबह हवन और आरती का आयोजन किया गया। एक अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। लंबे समय तक इन्होंने केवल फल-फूल खाकर बिताए और सौ वर्षों तक केवल जमीन पर रहकर शाक पर निर्वाह किया। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखे और खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के घोर कष्ट सहे। तीन हजार वर्षों तक टूटे हुए बिल्व पत्र खाए और भगवान शंकर की आराधना करती रहीं। इसके बाद तो उन्होंने सूखे बिल्व पत्र खाना भी छोड़ दिए। कई हजार वर्षों तक निर्जल और निराहार रह कर तपस्या करती रहीं। पत्तों को खाना छोड़ देने के कारण ही इनका नाम अपर्णा नाम पड़ गया। बुधवार को मरीह माता मंदिर में चंद्रघंटा मां की पूजा अर्चना की जाएगी।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट के ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने सीहोर कलेक्टर कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### घर-घर जाकर कांग्रेस करेगी भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर

# देश व्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का बिलकिसगंज से शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बिलकिसगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को अयोजित की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज परमार ने बताया कि बैठक में संगठन और आगामी गतिविधियो को लेकर चर्चा की गई! बिलकिसगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, प्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल, सीहोर जिले के सहप्रभारी दिनेश मेघानी की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई क्या अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलकिसगंज के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधि कार्यकर्ता घर-घर जाकर चुनाव के एकता रवैया वोट चोरी जिले में खाद की कमी, पर्याप्त बीमा राशि,खराब फसल के सर्वे कर मुआवजा देंने, सोयाबीन ₹6000 क्विंटेल, स्मार्ट मीटर में हो रही अनिमित्ता, बड़े हुए बिजली के दाम और किसान पर बनाये जा रहे झूठे बिजली प्रकरण के विरोध में घर-घर जाकर आम जनता और किसानों के हस्ताक्षर करेंगे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कांग्रेस आमजनता के बीच में जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी। बैठक के बाद बिलकिसगंज डीसी पर कांग्रेस ने सोपा मांग पत्र महंगी बिजली, स्मार्ट मीटर की अनिमित्ता के विरोध में कांग्रेस ने बिलकिसगंज डीसी पर प्रदर्शन कर सोपा मांग पत्र इने दिनों तो बिजली उपभोक्ता भारी राशि के बिलों से स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं से बार-बार हो रही है घोषत कटौती से और किसानों को थमाया जाए जा रहे हैं झूठे बिजली चोरी के प्रकरण जेसी कई समास्यो से परेशान है इसके विरोध में प्रदर्शन करते हुए जनहित में समास्यो के समाधान के लिए पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल के नेत्रत्व में एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में मांग पत्र सोपा!दौलत सिंह दरबार, नारायण सिंह पटेल, पर्वत सिंह, नरेश मेवाड़ा, गुलशन परमार, अक्षय परमार, राधेश्याम, मुकेश गौड़, सीताराम राठौड़, हरि चरण, धनबाद, हेमंत वर्मा, नरेंद्र परमार, धनपाल वर्मा,अमर सिंह परमार, राधेश्याम वर्मा, रामचरण मेवाड़ा, विनोद परमार, हेमराज कुशवाह,राहुल त्यागी, राजेश मालवी, राजेंद्र राजपूत, मनीष मेवाड़ा, मुमताज खान, जिलाधीश वर्मा, रितेश गुर्जर, रवि परमार, मुकेश मीना आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन




**सीहोर।** मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 70 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 50 बच्चे सफल रहे।

इन्हें पुरस्कृत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर, सहित अन्य ने निभाई। प्रतिभागियों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, सीएसपी अभिनंदना शर्मा सहित अन्य ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के दौरान येलो, औरेंज, ग्रीन, ब्लू, पर्पल और ब्राउन आदि ने बेल्ट हासिल किए। ब्राउन बेल्ट हासिल करने वालों में सोहनी सिसोदिया, मृदुल सिसोदिया, अनुराग मेवाड़ा, धुरव इटावदिया, पायल बागवान, राखी परमार और उजेर खान आदि शामिल थे।

मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर से शहर में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कलर बेल्ट प्रतियोगिता में बेल्ट हासिल करने वाले करीब 50 खिलाड़ियों इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा वर्ष 1995 से कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय और ब्लाक स्तरीय करीब 100 से अधिक स्पर्धा अब तक हो चुकी है। जिसमें हजारों खिलाडिय़ों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देने एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के स्थानीय स्वदेशी उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जा रहे है। यह सेवा पखवाड़ा अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत 22 सितंबर को अनेक स्थानों पर स्वच्छता कार्यक्रम, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सभा सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों के दौरान जिलेभर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों और स्कूली बच्चों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया।

### श्रम विभाग की योजनाओं से पात्र हितग्रहियों को ही मिलेगा लाभ

**सीहोर।** नागरिकों के हितों की रक्षा एवं श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए श्रम विभाग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। संबल योजना अथवा निर्माण श्रमिक कल्याण मंडल योजना में पंजीयन कराने अथवा आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति यदि गलत तथ्य या भ्रामक सूचना देकर धोखाधड़ी करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी। श्रम विभाग के अपर सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि शासन का स्पष्ट अभिप्राय है कि वास्तव में पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राही ही योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। पात्रता के विपरीत पंजीयन करवाने अथवा लाभ लेने का प्रयास न केवल योजनाओं को कमजोर करता है, अपितु अन्य वास्तविक श्रमिकों के अधिकारों का हनन भी करता है।

### तीर्थयात्रियों के लिए अनुरक्षक नियुक्त किए

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को 24 सितंबर से 29 सितंबर तक तिरूपति की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के यात्रियों के लिए तिरूपति तीर्थ यात्रा ट्रेन का बोर्डिंग स्टेशन बुधनी है। जिले के सभी चयनित तीर्थ यात्री बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और बुधनी रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित सभी तीर्थ यात्रियों को बस द्वारा बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात बुधनी रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से तीर्थ यात्री तिरूपति की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी नगर पालिका, नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर जनपद कार्यालय में एकत्रित कर रेलवे स्टेशन भिजवाने की व्यवस्था करें। तीर्थ यात्रा के दौरान यदि कोई यात्री विशेष सुविधाओं का लाभ प्राप्त करता है, तो उसका व्यय यात्री स्वयं वहन करेगा।

## अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ समस्त समारोह स्नेह भोज का आयोजन भी किया

# अग्रसेन जयंती पर निकाला भव्य चल समारोह, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

**खंडेलवाल परिवार,किराना व्यापारी संघ, रंग पंचमी महोत्सव, द्वारा स्वागत किया वहीं दुर्गा मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्ववर्षा से स्वागत किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



अग्रकुल प्रवर्तक महाराजाधिराज अग्रसेन महाराज की जयंती अग्रवाल धर्मशाला में मनाई गई है। जहां पांच दिवस से महिलाओं और बच्चों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। अग्रसेन जयंती पर चल समारोह मिलन मैरिज गार्डन से प्रारंभ हुआ, जो कि नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ। अग्रसेन धर्मशाला पूजा इस चल समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर अपने पूरे परिवार के साथ चल समारोह का पुष्ववर्षा ने स्वागत किया। जेपी मार्केट में बसंत अग्रवाल, खंडेलवाल परिवार,किराना व्यापारी संघ, रंग पंचमी महोत्सव, द्वारा स्वागत किया वहीं दुर्गा मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्ववर्षा से स्वागत किया गया। स्टैंड पर नारायण बाबा की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद चल समारोह अग्रसेन चौराहा पहुंचा जहां आतिशबाजी की गई। पुष्प वर्षा कर अग्रसेन चौराहे पर अग्रसेन जी की प्रतिमा पर समाज की वरिष्ठ एवं और एवं मातृ-शक्तियों द्वारा पुष्पमाला अर्पित की गई, महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना की गई। आरती उतारी गई जिसके बाद चल समारोह अग्रवाल धर्मशाला पहुंच जहां पर समाज की आचार्य रज्जू भैया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णा ब्रजकिशोर अग्रवाल, विशेष अतिथि नीता मुकेश अग्रवाल पार्षद सहित समाज के बुजुर्ग अग्रवाल समाज अध्यक्ष आनंद अग्रवाल पत्रकार, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष शशि लालचंद जी अग्रवाल को मंच पर विराजमान हुए सबसे प्रथम मंच पर विराजमान समस्त अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारम दीप जलाकर किया गया।

इसके बाद उपस्थित समस्त अतिथियों का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया। वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रतिभा छात्र-छात्राओं का सम्मान किया एवं प्रतियोगिता में जो विजेता है खिलाड़ी रहा उन सभी को इनाम वितरण किए गए। उपस्थित समस्त अतिथियों ने मंच को संबोधित किया। और महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज भव्य आरती कर प्रसाद वितरण किया गया वही समाज की ओर से इसने भोज कार्यक्रम रखा गया था जिसमें समस्त नगर के



अग्रबंधु इस इसने भोज में पधारे और सब ने अमृतुल प्रसाद ग्रहण किया इस पूरे कार्यक्रम का आभार रिकी अग्रवाल द्वारा किया गया।

## अपनी सोच की सुरक्षा व बौद्धिक संपदा अधिकारों पर हुई व्यापक कार्यशाला




**सीहोर।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के विद्यालय ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईपीआर सेल के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 24 सितंबर 2025 तक "अपनी सोच की सुरक्षा बौद्धिक संपदा अधिकारों पर एक व्यापक कार्यशाला" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

यह कार्यक्रम कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं डॉ. गार्गी सिंह के स्वागत भाषण प्रारंभ से हुआ। इसके पश्चात परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर तथा रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और उसके व्यावहारिक आयामों पर प्रकाश डाला। पहले दिन के मुख्य अतिथि वक्ताओं के रूप में डॉ. वी. के. सुखवानी, प्रोफेसर, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन एवं डॉ. एन. के. चौबे, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त), मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भोपाल ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। दोनों विद्वानों ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की अवधारणा, पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं नवाचार के संरक्षण की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागियों को शोध एवं आविष्कारों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन देश दीपक द्वारा किया गया। अंत में डॉ. प्रियंका झवर ने आभार व्यक्त करते हुए अतिथि वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं उपस्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं प्रोत्साहित की गई।

## अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो चार पहिया वाहन किए जब्त

**भैरुंदा पुलिस द्वारा दो मामलों में कुल 14 पेटी कुल 124 लीटर देशी विदेशी शराब ज़प्त, एक आरोपी हिरासत में**


**भैरुंदा।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी रोशन कुमार जैन से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भेरूंदा द्वारा टीमें गठित की गई थी। गठित टीमों द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की गई।




**घटनाक्रम 1 :** दिनांक 21 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर से घटना स्थल रेहटी रोड सौना फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प पर चार वाहन क्रमांक MP13 CA 6437 नीले रंग की swift VDI कार को घेराबंदी कर चेक किया गया, चेक करने पर कार में 9 पेटी प्लेन देशी मदिरा कुल 81 लीटर शराब अवैध पाए जाने से अवैध शराब कुल कीमत लगभग 36000 रुपए है एवं स्विफ्ट कार की कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रू की ज़प्त कर थाना पर अपराध क्रमांक 518/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार में कोई व्यक्ति नहीं मिलने से अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है।

**घटनाक्रम 2 :** दिनांक 22 सितंबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तिलाडिया रोड पर एक स्लेटी कलर की चार पहिया कार मे एक व्यक्ति अवैध रुप से शराब लेकर जा रहा है सूचना पर तिलाडिया रोड नारायण वेयर हाउस के पास से आरोपी संतोष राजपूत पिता राम राजपूत उम्र 48 साल निवासी ग्राम के कब्जे से चार पहिया वाहन क्रमांक MP04CP0701 को पकड़कर चेक किया गया जिसमे कार में पीछे की डिग्गी मे रखी इंग्लिश व सफेद प्लेन शराब की 05 पेटी जिसमे 8 पीएम इंग्लिश शराब की 02 पेटी, आफीसर च्वाईस की 2 पेटी, एक पेटी देशी सफेद प्लेन मदिरा कुल 43 लीटर शराब कीमती 41,000 व उक्त पुरानी कार क्रमांक MP04CP0701 कीमत तीन लाख रुपये किमती कुल मश्ररुका 3,41,000/- अवैध रूप से पाए जाने पर आबकारी अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की जाकर थाना पर अपराध क्रमांक 520/25 धारा 34 आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मां पीतांबरा बगलामुखी माई के दरबार में 1995 से निरंतर प्रज्वलित है अखंड ज्योत दूर-दूर से दर्शन करने आते हैं भक्त



**भैरूंदा।** विगत 30 वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन मौके पर नगर भैरुंदा के रॉयल मार्केट में स्थित माँ पीताम्बरा बगलामुखी मन्दिर में नवदिवसीय विशेष श्रृंगार, पूजा पाठ, भजन कीर्तन, रात्रि कालीन विशेष हवन, महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जा रहा है, माँ बगलामुखी मन्दिर भैरुंदा के मुख्य पुजारी पं बाबूलाल शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा सूक्ष्म स्वरूप में सन 1995 में माँ का फोटो रखकर आराधना , एवं अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई थी । माँ की कृपा से 2012 में मन्दिर का निर्माण हुआ , एवं माँ बगलामुखी माई की प्रतिमा स्थापित की गई तब से निरंतर माँ की उपासना की जा रही है। उन्होने बताया कि यह माताजी 10 महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या माता बगलामुखी है। जो भी श्रद्धालु निरंतर माँ की सेवा में लगे रहते हैं उन भक्तों के कष्ट का निवारण माँ बगलामुखी करती हैं। ऐसे अनेकों भक्त हैं जिनके कष्ट माँ ने हरे हैं और उनके घर में सुख समृद्धि की वृद्धि हुई है। प्रतिवर्ष माँ बगलामुखी माई के मंदिर में हजारों श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी आते हैं एवं प्रतिवर्ष नवरात्र के पावन पर्व पर मन्दिर में कन्याभोजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है । सभी दुखों को हरती हैं माँ बगलामुखी : माँ बगलामुखी 10 महाविद्याओं में से एक आठवीं महाविद्या की देवी हैं। ऐसी मान्यता है उनकी पूजा करने से सभी शत्रुओं को नियंत्रित और परास्त करने की शक्ति प्राप्त होती है। ऐसा कहा जाता है कि जो लोग किसी भी प्रकार की बड़ी समस्या से घिरे हुए हैं उन्हें देवी की उपासना अवश्य करनी चाहिए।

### माता बगलामुखी देवी को ब्रह्मास्त्र रूपिणी भी कहा जाता है

मनुष्य जब शत्रु बाधा, ऋण बाधा, ग्रह बाधा से घिर जाता है तब इस पूरे ब्रह्मांड में इन सब से बचाने के लिए माँ बगलामुखी की उपासना की जाती है। माँ बगलामुखी मंदिर या तो नलखेड़ा में या फिर दतिया में हैं। महाभारत के समय भी जब पांडव 'हार की कगार पर पहुंच गए थे तब पांडवों ने आकर नलखेड़ा में माँ बगलामुखी की उपासना की थी। उसी पूजा के फल स्वरुप पांडवों की महाभारत में विजय हुई।

## पुरस्कार वितरण के साथ हुआ रंगारंग अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन

**सीहोर।** विगत 7 दिवस से अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा था, शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसके अंतिम दिवस भव्य चल समारोह के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कंपनी सीहोर के रविंद्र अग्रवाल मुख्य अतिथि रेशम अग्रवाल जिला खाद्य अधिकारी के मुख्य अतिथि सतनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निलेश जयपुरिया, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष रुक्मणी रोहिला अतिथि में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने की।



इस अवसर पर जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता एवं अग्रवाल महिला मंडल की मोहिनी अग्रवाल ने बताया अग्रसेन जयंती महोत्सव में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया हर वर्ग के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जयंती दिवस के दिन सभी को पुरस्कार दिए गए एवं जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई समाज की प्रतिभाएं हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में सर्वाधिक अंक वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

वहीं विशिष्ट सेवा सम्मान स्वर्गीय घनश्याम दास बिरला की स्मृति में समाज सेवा सम्मान 20 वां वर्ष आयोजित मनोरमा मित्तल को अग्रवाल नवयुवक संघ द्वारा प्रदान किया गया सम्मान पत्र का वचन आशीष गुप्ता ने किया कार्यक्रम का संचालन विष्णु भारतया एवं भारत अग्रवाल ने किया एवं आभार अजय अग्रवाल ने व्यक्त किया।

## नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में गुमशुदा नाबालिंग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत निर्देशित कार्यवाही के क्रम में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमती सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक नाबालिक बालिका को सफलतापूर्वक दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिक पुत्री, उम्र 17 वर्ष 7 माह, को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर थाना रेहटी में मामला पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया।उपनिरीक्षक महेश सिंह धुर्वे के नेतृत्व में गठित एक विशेष टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया गया और उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

## पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दिलाया संकल्प




**सीहोर।** सोमवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक डाकघर सीहोर द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनके द्वारा प्रधान डाकघर प्रांगण में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में प्रधान डाक सीहोर एवं संभागीय कार्यालय सीहोर के समस्त कर्मचारी, अभिकर्ता एवं डाक विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षक डाकघर सीहोर एम.एल. मालवीय, सहायक अधीक्षक डाकघर अश्विनी देशराज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष एवं कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को डाक विभाग की योजनाओ से अवगत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा भी नगर पालिका की योजनाओ एवं भविष्य में होने वाले कार्यों से कार्यक्रम में उपस्थित डाक विभाग के कर्मचारी एवं आमजन को अवगत कराया। साथ ही डाक विभाग के माध्यम से आमजन को दी जाने वाली योजनाओं की सराहना भी की।

**जाहिर सूचना**

**तीन किता कृषि भूमि जो कि खसरा क्रमांक 417/1, 414/1, 415/2/1 जिसका कुल क्षे. 0.601 हेक्टेयर में से 0.5 एड़क भूमि जो ग्राम बैरागढ़ खुमान, पटवारी हल्का बैरागढ़ खुमान, तहसील श्यामपुर, जिला सिहोर म.प्र. को क्रय करने के सम्बन्ध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण श्री त्रिलोचन सिंह सलूजा, श्री गुरभेज सिंह सलूजा एवं श्री सतनाम सिंह सलूजा पुत्रगण श्री जोगेंद्र सिंह सलूजा निवासीगण फाटक रोड के पास सी. आर.पी-34, बैरागढ़, हुजूर जिला- भोपाल (म.प्र.) के मुल विक्रय अनुबंध करता श्री ओमप्रकाश मीणा आत्मज श्री शिवराम मीणा, निवासी पुरा छिन्दवाडा, मुगालिया हॅट, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि तीन किता कृषि भूमि जो कि खसरा नं.- 417/1, 414/1, 415/2/1 जिसका कुल क्षे. 0.601 हेक्टेयर में से 0.5 एड़क भूमि जो ग्राम बैरागढ़ खुमान, पटवारी हल्का बैरागढ़ खुमान, तहसील श्यामपुर, जिला सिहोर म.प्र. में स्थित है। को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (मुल अनुबंध करता) को टोकन / बयाना राशि अदा कर दी गई है, इस संबंध में किसी वयक्ति, संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपति कही अन्य, दान, हिबा, हस्तांतरण, आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने के सम्बन्ध में विक्रय अनुबंध-पत्र निष्पादित कर शेष राशि का भुगतान विक्रेता को अदा कर विक्रय पंजीयन पत्र निष्पादित करवा लेगा ओर ऐसी स्थिति कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**भवदीय, धीरज पाटीदार अधिवक्ता
दुकान नंबर 2 दोराहा जोड़
एन.एच.46 सीहोर
मो. 8359084636,6265450686**

**राठौर मोहल्ले गंज से शुरू हुई यात्रा आज रात तक पहुंचेगी सलकनपुर**

# श्रद्धालुओं के साथ मानव आधार सेवा संस्थान ने सलकनपुर देवी धाम तक निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मानव आधार सेवा संस्थान द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित सलकनपुर तक पदयात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ सीहोर से निकली । यह यात्रा 23 सितम्बर को प्रातः 6 बजे राठौर मोहल्ला गंज, सीहोर से प्रारंभ होकर 24 सितम्बर की रात्रि में सलकनपुर स्थित मां विन्ध्यवासिनी देवी के दरबार विजयासन धाम पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। पदयात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।



साथ ही, नगर और मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए स्वागत एवं सत्कार की विशेष व्यवस्था की गई। समिति ने यात्रियों के लिए भोजन, ठहरने और चिकित्सकीय सुविधा का समुचित प्रबंध किया है। यात्रा का नेतृत्व मानव आधार सेवा संस्थान के अध्यक्ष विपिन राठौर एवं यात्रा अध्यक्ष मयंक राठौर ने किया। इनके साथ विशाल सोलंकी, राहुल सिसोदिया, देवेंद्र मेवाड़ा, अमित राठौर, योगेश लोधी, शुभम राठौर सहित समिति के अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। मानव आधार सेवा संस्थान पिछले तीन वर्षों से लगातार सीहोर से सलकनपुर तक पैदल यात्रा का आयोजन कर रहा है। संस्था का उद्देश्य सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाना और समाज को धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधना है।

### जिले भर की राशन दुकानों की पीओएस मशीनों से हटाया गया 20 करोड़ बाजार मूल्य का राशन

# गायब हुए खाद्यान्न पर जिम्मेदारों की चुप्पी! घोटाले पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

## इसी तरह के मामले में जबलपुर में खाद्य नियंत्रक एवं 3 अफसरों पर दर्ज हुए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

केंद्र सरकार द्वारा गरीबों की जनहितैषी खाद्यान्न वितरण योजना में विभाग के अधिकारियों ने सेंध लगा ही दी और हैरत इस बात पर की करोड़ों रुपए का राशन जिले भर की अलग-अलग दुकानों की पीओएस मशीनों से हटा दिया गया और सभी जिम्मेदारों ने अपनी आंखें मूंद ली।

गरीबों के हित का 5 हजार टन से ज्यादा राशन जिसका बाजार मूल्य 20 करोड़ आंका जा सकता है। इतने बड़े घोटाले के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई नहीं बल्कि हजारों टन राशन पर ग्रहण लगाने वाले अधिकारियों को जैसे क्लीन चिट दे दी गई। उनसे क्यों नही पूछा गया की इतना राशन कैसे पोर्टल व विभागीय साफ्टवेयर से हटा दिया गया। कोरोना काल का मामला बताकर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जबावदेही से बच नहीं सकते हैं। दुकानदारों ने नाम न बताने की बात पर यह बात भी बताई कि उन्होंने अपनी दुकान की पीओएस मशीन से राशन हटवाने में संबंधित अधिकारी ने पैसे भी लिए हैं। इस बात की पुष्टि इस बात से लगाई जा सकती है कि विभाग द्वारा अभी तक किसी भी दुकानदार पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई सिर्फ कुछ दुकानदारों को राशन समय पर न बांटने का नोटिस जरूर दिया गया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गरीबों के राशन से मिली राशि की बंदरबांट की गई है तभी चुप्पी साधी गई है। नहीं तो इसी तरह के मामले में जबलपुर में मात्र 2 करोड़ 20 लाख के खाद्यान्न घोटाले में खाद्य नियंत्रक सहित 3 अन्य अधिकारियों पर मामला दर्ज किया गया है, परंतु राजगढ़ में हैरत है कि खुले आम गरीबों के राशन पर लूट हो गई और किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं माना गया। उल्लेखनीय है कि खाद्यान्न में गढबढी को लेकर हरिभूमि ने प्राथमिकता से समाचारों का प्रकाशन किया था परंतु तीन महिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।


प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं, आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डेटा उपलब्ध नहीं

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब


जिला आपूर्ति अधिकारी सहित जेएसओ ब्यावरा रिकॉर्ड बताने में असमर्थ

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

122 राशन दुकानों में से 98 दुकानों का राशन हुआ गुम

| राशन | गायब (गुम) |
|---|---|
| गेहूं | 784.28 टन |
| चावल | 845.95 टन |
| नमक | 24.02 टन |
| मोटा अनाज | 5.13 टन |
| शक्कर | 2.49 टन |
| मूंग | 0.35 टन |

### जबलपुर और रायपुर में इन्हीं मामलों में हुई कार्रवाई

प्रदेश में राजगढ़ ही ऐसा जिला होगा जहां पर हजारों टन राशन होने के इतने दिन बाद अभी तक दुकानदारों व जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जबकि कोरोना काल का बताकर 115 करोड का राशन गायब होने पर रायपुर में 166 दुकानें निलंबित, 153 दुकानें निरस्त एवं 22 दुकान संचालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं मध्यप्रदेश के जबलपुर 2 करोड़ से ज्यादा के घोटाले में खाद्य नियंत्रक सहित 3 अधिकारियों पर केस दर्ज किया गया है, परंतु राजगढ़ जिला सबसे अद्भुत जिला है जहां पर सरकारी अधिकारी गैर जिम्मेदार होते हुए भी किसी भी बात के लिए जिम्मेदार नहीं होता है।

**इनका कहना है...**

राजगढ़ ब्लॉक की दुकानों का जिनमें कम स्टॉक निकला है उनकी जानकारी कलेक्टर के पास पहुंचा दी गई है और ब्यावरा की जानकारी अभी तैयार की जा रही है। आगे की कार्रवाई कलेक्टर करेंगे।

अजीत सिंह
जिला खाद्यान्न अधिकारी राजगढ़

---


**समाज कल्याण कार्यों व मंदिर संचालन में होगा राशि का उपयोग**

# खाटू श्याम मंदिर पर भक्तों ने दिया खुले मन से दान

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक 19 लाख 27 हजार 45 रुपए की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री खाटू श्याम मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को मंदिर समिति द्वारा दान पेटी खोली गई। इस दौरान 8 जुलाई से 19 सितंबर तक श्रद्धालुओं द्वारा दी गई भेंट में कुल 6 लाख 25 हजार 90 प्राप्त हुए। इससे पूर्व फरवरी माह में हुए भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद से जुलाई तक दान पेटी पाँच बार खोली जा चुकी है। इससे पहले मंदिर समिति को 13 लाख,24 हजार 455 की राशि प्राप्त हुई थी। इस प्रकार अब तक मंदिर को कुल 19 लाख 27 हजार 045 की आस्थापूर्ण भेंट मिल चुकी है।



### आय का होगा समाज कल्याण में उपयोग

मंदिर समिति के सचिव प्रिंस (जोगिंदर सिंह) छाबड़ा ने बताया कि इस राशि का उपयोग मंदिर संचालन एवं रखरखाव के साथ-साथ समाज कल्याण और सेवा कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संपूर्ण आय-व्यय का लेखा-जोखा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के साथ सार्वजनिक किया जाएगा।

### सुव्यवस्थित संचालन हेतु समिति का गठन

मंदिर संचालन को पारदर्शी बनाने हेतु अप्रैल माह में "जय मां हरसिद्धि श्री श्याम बाबा संस्कृति उत्थान समिति ब्यावरा धाम" का पंजीयन कराया गया है। इसी नाम से बैंक खाता भी खोला गया है। शनिवार को समिति ने दान से प्राप्त आय को समिति के बैंक खाते में भी जमा कर दिया है।

### भक्तों का उमड़ता सैलाब

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से मंदिर में प्रतिदिन भक्तों का तांता लगा रहता है। विशेषकर एकादशी पर करीब एक लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं। विभिन्न गांवों और नगरों से भक्त निशान यात्रा लेकर बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि अपनी आय का एक हिस्सा बाबा खाटू श्याम जी को समर्पित करने से जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

---

## बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर की दान पेटी खुली, मिले 2.25 लाख रुपए

**नरसिंहगढ़।** बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर की दान पेटी बीते दिनों प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खोली गई। गिनती के दौरान करीब 2 लाख 25 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। प्रशासनिक अधिकारियों ने जल्द ही नागरिकों के साथ बैठक कर इस राशि को मंदिर निर्माण एवं विकास कार्यों में खर्च करने की योजना तैयार करने की बात कही है। इधर सोमवार को विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार एवं तहसीलदार विराट अवस्थी की मौजूदगी में मंदिर दान राशि के लिए क्यूआर कोड भी जारी किया गया। अब श्रद्धालु डिजिटल माध्यम से भी दान कर सकेंगे। इससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होगी।

---

# चुनरी यात्रा में पधारने सर्वप्रथम भगवान गणेश को दिया न्यौता



**राजगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू चेतना मंच एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी 28 सितंबर को क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक भव्यतम चुनरी यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। लगातार कई वर्षों से निकाली जा रही इस चुनरी यात्रा के लिए आयोजकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी कड़ी में आयोजन समिति पदाधिकारियों द्वारा यात्रा में पधारने प्रथम पूज्य देव भगवान गणेश को आमंत्रण पत्र दिया गया। आगामी दिनों में समिति सदस्यों द्वारा विशेष रूप से अभिमंत्रित अक्षत (चावल) घर-घर जाकर लोगों को प्रदान करते हुए यात्रा में सम्मिलित होने का आगृह किया जाएगा। विशाल चुनरी यात्रा में हर वर्ष नगर सहित आसपास क्षेत्र की हजारों मातृ-शक्तियां सहित श्रृद्धालु सम्मिलित होते हैं। श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन समिति द्वारा यात्रा आरंभ स्थल राजमहल प्रांगण से जालपा शक्तिपीठ तक के करीब 6 किमी मार्ग तक कारपेट बिछवाने की व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि चुनरी यात्रा दिवस 28 सितंबर को पिछले 15 वर्षो से यात्रा हेतु अपनी सेवाएं देते हुए सेवाभावियों सहित विभिन्न संगठन पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### पहले दिवस कलेक्टर, एसपी ने किया माता का पूजन-अर्चन

नवरात्र के प्रथम दिवस सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी जालपा धाम पहुंचे। अधिकारद्धय ने मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

---

## सारंगपुर में दो अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**सारंगपुर।** थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना ग्राम मऊ पढ़ाना मार्ग पर हनुमान मंदिर के सामने हुई, जहां ईंट से भरे ट्रैक्टर के नीचे आने से राकेश (35) पिता रघुनाथ सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है। वही दूसरी घटना ग्राम ब्यावरा मांडू में हुई, जहां सांप के काटने से बाबूलाल पिता मोतीलाल अहिरवार की मौत हो गई। उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

---

**संघ कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक स्तर पर की जा रही हैं तैयारियां**

# 12 अक्टूबर को राजगढ़ में निकलेगा आरएसएस का विशाल पथ-संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस साल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। शताब्दी वर्ष की शुरुआत आगामी विजयादशमी से होगी। इसी निमित्त आगामी 12 अक्टूबर को संघ का विशाल एवं भव्य पथ संचलन निकलने वाला है जिसमें नगर सहित क्षेत्र के प्रत्येक हिन्दू परिवार से एक स्वयंसेवक संघ की गणवेश में सम्मिलित होगा।

पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बिरसामुंडा चौराहे पर संगम करेगा। पथ-संचलन उपरान्त आयोजित होने वाले बौद्धिक में मुख्य वक्ता के रूप में राजगढ़ की धरा पर ही पलकर बाद में प्रचारक बने एवं वर्तमान में आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी का उद्बबोधन रहेगा। कार्यक्रम की तैयारियों हेतु नगर की 6 बस्तियों में स्वयं सेवक अलग-अलग टोलियां बनाकर प्रत्येक हिन्दू परिवार में गणवेश क्रय हेतु आगृह कर रहे हैं। साथ ही वरिष्ठजनों एवं मातृशक्ति को समापन स्थल स्टेडियम पर आने के लिए आमंत्रण पत्रक का वितरण कर रहें। उक्त आमंत्रण पत्रक का विमोचन नगर की 6 बस्तियों के प्रमुख मंदिरों में पूजन कर संपन्न हुआ।



### यह रहेगी पथ-संचलन की पूरी रूपरेखा

आरएसएस का यह पथ-संचलन नगर की 6 बस्तियों के अलग-अलग स्थानो से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होता हुआ सांय 4.30 बजे बिरसा मुंडा चौराहा (ब्यावरा नाका) पहुंचेगा। यहां संचलन की तीन धाराओं का संगम होगा। इसके उपरान्त संचलन मुख्य मार्गों से होता हुआ खिलचीपुर नाका से स्टेडियम परिसर पहुंचेगा। पथ संचलन अपनी 3 किलोमीटर की दूरी 35 मिनट में पूर्ण करेगा। संघ ने अपने इस संचलन को अभिनव संघम नाम दिया है।

### संचलन को लेकर उत्साहित हैं युवा

संचलन की पूर्व तैयारियों के तहत नगर के युवा स्वयंसेवकों ने भारत माता चौराहा से वाहन रैली निकाली। यह रैली मुख्य मार्गो से होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची जहां भारत माता की आरती के साथ रैली का समापन किया।

---



## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक कुरीतियों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। जिसमें मोबाइल के दुष्परिणामों को विद्यार्थियों के द्वारा सुंदर प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया गया। नाटक के सभी कलाकारों जया कुम्भज, उमा सेन, रितेश शर्मा, शिवम भिलाला, रोहित अहिरवार एवं भावना वर्मा ने रोचक अंदाज में नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि इससे मानव शरीर में बहुत सारी बीमारियां हो सकती हैं। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ अरुणा सोलंकी ने बताया कि मोबाइल फोन से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक विकिरणों से डीएनए क्षतिग्रस्त हो सकता है।

---

# आरटीओ की टीम ने 10 बसों सहित अन्य वाहनों पर लगाया जुर्माना

**राजगढ़।** यात्रियों की सुरक्षा के मद्धेनजर एवं सड़क सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्धेश्य से परिवहन विभाग द्वारा जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत सोमवार को ब्यावरा शहर के आसपास एबी रोड एवं हाईवे पर 25 वाहनों सहित यात्री बसों की चेकिंग की गई।

इस दौरान 10 वाहन एवं बसें ऐसी पाईं गईं जिनके परमिट, फिटनेस, बीमा इत्यादि दस्तावेज अपूर्ण पाए गए। इस पर विभाग द्वारा उक्त वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई है। आरटीओ की इस चेकिंग के दौरान चेक प्वाइंट प्रभारी अनामिका कोली, उपनिरीक्षक राजेश बाबू खरे, प्रधान आरक्षक सुखराम मौर्य, सैनिक विष्णु प्रसादर, वीरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश संजोदिया, प्रेमनारायण कुरैचया सहित अन्य उपस्थित थे। वाहन चेकिंग का यह अभियान दो सप्ताह तक निरंतर चलेगा। आरटीओ वैश्य द्वारा सभी वाहन स्वामियों एवं स्कूल बसों के संचालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों के वैध दस्तावेजों के साथ चलाएं एवं वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं।



---

# थाना परिसर में आगामी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**कालापीपल।** कालापीपल थाने परिसर में आगामी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में दुर्गा पूजा एवं विजयदशमी त्योहार को शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने गाइडलाइन और नियमों के बारे में दुर्गा पंडाल समितियों के सदस्यों को जानकारी दी। बैठक में कालापीपल पुलिस और आम नागरिक शामिल हुए। शांति और सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील गई। इसके साथ ही दुर्गा पूजा पंडाल, सड़कों पर यातायात व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था और अन्य विषय पर चर्चा की गई। पुलिस ने जानकारी दी कि आसमाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व बेहतर तरीके से लोग मना सकें।

एसडीओपी निमेष देशमुख ने बताया कि सभी स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा ध्यान रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, एसडीओपी निमेष देशमुख, नायब तहसीलदार प्रदीप केन, थाना प्रभारी मनोहर सिंह जगेत, सहायक यंत्री कैलाश सोलंकी, नगर परिषद सीएमओ बद्रीलाल पुरबिया, जनपद सीईओ डीआर एस राणा आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




---

# निकली राम बारात, हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही 16 दिवसीय रामलीला में नगर के कुशवाहा मोहल्ले से राम बारात निकाली जो कि रामलीला स्थल पहुंची। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र की लीलाओं का अति सुन्दर सारगर्भित चित्रण किया जा रहा है । मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की भव्य बारात बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। कुशवाह मंदिर से राम बारात प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग बुधवारिया बाजार ,जवाहर चैक , इदर चैराहा , स्वामी विवेकानंद चैराहा , बस स्टैंड , गांधी बस्ती , शाहजी मोहल्ला होते हुए जनक नगरी रामलीला चैक पहुंची। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बारात का भावभीना स्वागत कर जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बारात के जनकपुरी पहुंचने पर धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान श्रीराम का विवाह संपन्न हुआ।




## मनाया महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

**माचलपुर।** नगर के अग्रवाल समाज द्वारा अपने आराध्य महाराज अग्रसेन का जन्म उत्सव समाज में एक परिवार में गमी होने से सूक्ष्म रूप से मनाया गया सामाजिक धर्मशाला में सभी समाजजनों के एकत्रीकरण के पश्चात कुल देवी मावलिया माता मंदिर पर पहुंच पूजन आरती की। नगर की धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन की पूजन आरती के साथ सामाजिक ध्वज का रोहण समाज के वरिष्ठ बाबूलाल माधावत ओर समाज अध्यक्ष शरद माधावत ने किया प्रसाद वितरण और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

---

**सारंगपुर में कुंडालिया और पचोर में मोहनपुरा से होगी जल सप्लाय**

# सारंगपुर विधानसभा को जल्द मिलेगी जलसंकट से मुक्ति

## राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने जल संसाधन मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा में आगामी महीनों में ग्रीष्मकालीन जल संकट से मुक्ति मिलने वाली है, जिसके लिए मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल द्वारा प्रयास शुरू कर दिए हैं। जिसकी जल्द ही धरातल पर उतरने की संभावना है जिससे सारंगपुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले दोनों नगरों सारंगपुर व पचोर में ग्रीष्म ऋतु में होने वाली जलसंकट की समस्या दूर हो जाएगी और दोनों नगरों की जनता को प्रतिदिन जल सप्लाय हो सकेगा। जिसके लिए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट को मांग पत्र दिया है।



### दोनों नगरों का जलसंकट दूर हो सकेगा

राज्यमंत्री डॉ टेटवाल द्वारा अपने मांग पत्र में सारंगपुर नगर में कुंडालिया पाइप लाइन से व पचोर नगर में मोहनपुरा डेम की पाइप लाइन से जल सप्लाय हेतु मांग पत्र सौंपा है जिससे दोनों नगरों का जलसंकट दूर हो सकेगा।

### दो-दो डेम होने के बाद भी नगर थे प्यासे

राजगढ़ जिले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोहनपुरा और कुंडालिया जैसे दो बड़े डेम की सौगात दी थी जिससे जिले के ग्रामों में पाइप लाइन के माध्यम से पानी सप्लाय हेतु पाइप डालने का काम प्रगतिरत है वही कई ग्रामों में वाटर सप्लाई भी प्रारंभ भी हो गई हे लेकिन उक्त डेम से विधानसभा के दोनों नगर छूट गए थे नगर के बीच से पाइप लाइन गुजरने के बाद भी ग्रीष्म ऋतु में जल संकट का सामना करना पड़ता था लेकिन अगर कुंडा ललिया डेम से सारंगपुर और मोहनपुरा डेम से पचोर को कनेक्शन मिलता है तो दोनों नगरों की पानी की समस्या दूर हो जाएगी, राज्यमंत्री डॉ टेटवाल के प्रयास की विधानसभा वासियों में हर्ष की लहर है।

---

## सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका ने आयोजित कराया शिविर

**राजगढ़।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को स्थानीय पारायण चौक परिसर में नगर पालिका द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया। सुबह से शाम तक चले शिविर में 222 लोगों ने अपना हेल्थचेक करवाया। इस स्वास्थ्य शिविर में नगर पालिका के स्वच्छताकर्मियों का विशेष रूप से चेकअप करवाया गया। शिविर में वेलो.एन.सिटी हॉस्पिटल इंदौर से आई डॉ. संध्या जैन एवं प्रशिक्षित टीम ने सफाई कर्मचारियों सहित आमजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, हृदय संबंधी जाँच सहित अन्य परीक्षण किए गए। आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, एसडीएम निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्वच्छता नोडल अधिकारी, नगर पालिका की टीम, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुना द्वारा जिला जेल का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा सोमवार को जिला जेल गुना का निरीक्षण किया गया। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर जेल में आयोजित किये गये विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी ली गई। साथ ही बंदियों को म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा बनाए गए एमएसीटी सॉफ्टवेयर के संबंध में जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### सलकनपुर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सीहोर।** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही विजयासन देवी मंदिर सलकनपुर में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर पहुंचकर मंदिर परिसर का दौरा किया और यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर-एसपी ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, श्रद्धालुओं के आगमन-निर्गमन की व्यवस्थाओं तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति देखी। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग सक्रिय रहकर कार्य करें। एसपी शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर एवं मुख्य मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी रहे, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। उन्होंने कहा कि रोपवे का संचालन निरंतर जारी रहे, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर और आसपास के प्रमुख स्थानों पर हेल्थ कैंप, एंबुलेंस और हेल्प डेस्क की व्यवस्थाएं बनाने निर्देश दिए।

### आज सुबह किला मंदिर में होगा विनयांजलि सभा व शांति विधान का आयोजन

# जीवन की परम अंतिम लक्ष्य यात्रा पर प्रस्थानः सौमश्री बाई जैन का हुआ उत्कृष्ट परिणामों के साथ समाधि मरण

मुनि श्री सजग सागर महाराज ने बताया की समाधि सल्लेखना जैन धर्म की महान तपस्या है यह मृत्यु का वरण नहीं बल्कि आत्मा की मुक्ति की दिशा में किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





नगर के दिगम्बर जैन किला मंदिर में विगत चार दिनों से चल रही मुनि श्री सजग सागर मुनि श्री सानंद सागर मुनि श्री प्रवर सागर महाराज के आशीष व निर्देशन में सोमश्री बाई का मंगलवार को प्रातःकाल पूर्ण चेतन अवस्था में समाधि मरण सल्लेखना विधि से सपंन्न हुई। उन्होंने मुनि श्री से दस प्रतिमा के व्रत अंगीकार कर अपना जीवन को जिनेंद्र भगवान की शरण में जाने का मन बना कर कठोर साधना कर रही थी जिसमें तीनों प्रकार के आहार का त्याग ओर केवल जल ग्रहण चौबीस घंटे में एक बार कर रही थी मंगलवार सुबह पूर्ण चेतना अवस्था में शांत परिणामों के साथ उन्होंने अपने प्राण त्याग कर इस मानव देह से विदाई ली।

नगर में उनका डोला यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्मी जन महिलाएं शामिल हुईं। जैन परंपरा में समाधि सल्लेखना व्रत को इसी मोक्षमार्ग की अंतिम साधना कहा गया है। आज आष्टा नगर ने ऐसी ही एक महान साध्वी प्रवत्ति ने साक्षात्कार किया। अरिहंतपुरम आष्टा निवासी महेंद्र कुमार एवं निर्मल कुमार जैन की माता सौमश्री बाई जैन ने गृहस्थ जीवन को त्यागमय और धर्ममय बनाते हुए 10 प्रतिमा के व्रत धारण कर मंगलवार को सल्लेखना व्रत पूर्ण किया साधु सान्निध्य में विशुद्ध समाधि सम्पन्न हुई। नगर में विराजमान प्रवर सागर महाराज मुनि श्री सजग सागर महाराज एवं मुनि श्री सानंद सागर महाराज के सान्निध्य में माता जी ने आत्मिक शुद्धि और त्याग के साथ साधना का पालन किया। आज प्रातः 6:30 बजे मुनि श्री सजग सागर महाराज ने उन्हें उदभोदन किया और उदभोदन सुनते सुनते पूर्ण चेतन अवस्था में माता जी ने अपने प्राणों को त्यागा है।

श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर आष्टा में उनके विशुद्ध परिणामों के साथ यह समाधि सम्पन्न हुई। यह क्षण समाज के लिए आस्था श्रद्धा और आध्यात्मिक गौरव का विषय रहा। अंतिम डोला यात्रा सुबह 8:30 बजे किला मंदिर से प्रारंभ हुआ जो बड़ा बाजार, प्रगति गली बुधवारा मार्ग से होकर मुक्तिधाम पहुंचा यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज प्रातः 6:30 बजे से श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर में श्री शान्तिविधान व विनयांजलि सभा का आयोजन रखा गया है जिसमे समस्त जनों से उपस्थिति की विनय की गई है। इस अवसर पर मुनि श्री सजग सागर महाराज ने बताया की समाधि सल्लेखना जैन धर्म की महान तपस्या है यह मृत्यु का वरण नहीं बल्कि आत्मा की मुक्ति की दिशा में किया गया। जागरूक और साधनापूर्ण प्रयास है भूख-प्यास और आसक्ति का त्याग कर आत्मा को शुद्ध भावों में स्थित करने की साधना ही समाधि सल्लेखना कहलाती है। सौमश्री बाई जैन का यह त्यागपूर्ण जीवन समाज को यह संदेश देता है कि सच्ची सफलता सांसारिक संपत्ति नहीं बल्कि आत्मा की शांति और मोक्ष की प्राप्ति है जैन समाज एवं नगरवासियों ने सोमश्री माता जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए आदर्श है समाज ने एक त्यागमयी साध्वी को विदा किया है जिनकी स्मृति सदा मार्गदर्शक बनी रहेगी।

## सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने संभागीय कला उत्सव समारोह में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**आष्टा।** लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार भोपाल में संभाग स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ जिलों से विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सहभागिता करी। नगर के सांदीपनि शासकीय उमावि आष्टा के विद्यार्थी आशय जायसवाल ने तबला वादन और कुणाल ठाकुर ने गायन में संभागीय कला उत्सव समारोह भोपाल में प्रथम स्थान एवं कार्तिक यादव ने हारमोनियम वादन और सुमित एवं समूह ने वाद्यवृंद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय को गौरवांवित किया।

हाल ही में जिला स्तरीय बालरंग कार्यक्रम का आयोजन सीहोर में किया गया था, जिसमें भी सी.एम. राइज़ विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। जिला स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में लिपि लेखन में पलक कुशवाल, वैद्यपाठ में शिवम शर्मा, संस्कृत निबंध में नियति वर्मा, योग में पूनम सोनी, संस्कृत भाषण सुजीत, सामूहिक लोक गीत में ऋषिका यादव, अनीशा कलेशरिया, आयूषी राठौर, संजना प्रजापति, अनमोल विश्वकर्मा, प्रशांत बामनिया, दर्शन राव, रूद्राक्ष बैरागी आदि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सी.एम. राइज़ विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए नए ब्रास बैंड की भी व्यवस्था की गई है और विद्यालय के संगीत शिक्षक शशिकांत प्रजापति, स्वाति राठौर और काव्या त्रिपाठी संगीत, नृत्य एवं अन्य विद्याओं में रूचिकर विद्यार्थियों की कलां को निखार रहे है। इसी का परिणाम है, कि विद्यालय के विद्यार्थी जिला, संभाग और राज्य स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में न केवल सहभागिता कर रहे है, बल्कि प्रथम स्थान भी प्राप्त कर रहे हैं।

विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, पदमा परमार, अभिलाषा श्रीवादी, जितेन्द्र मेवाड़े, भूपेन्द्र सिंह, सतीश वर्मा, कासिम खान, राजीव सारसिया, श्वेता पांडे सहित समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

## विजय श्री कंप्यूटर इंस्टिट्यूट आष्टा पर विद्यार्थियों का व्यावसायिक शिक्षा के तहत औद्योगिक भ्रमण




**आष्टा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोरास कला के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर छात्रों ने आष्टा स्थित विजय श्री टीचर्स ट्रेनिंग एवं कंप्यूटर इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी का दौरा किया। वहां उन्हें विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। जीवन परमार ने विद्यार्थियों को भविष्य में उपलब्ध कोर्स और रोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विषय के छात्रों को आधुनिक तकनीकों, कंप्यूटर लैब, और डिजिटल संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को आईटी क्षेत्र में उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एम एल चौहान ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। व्यावसायिक शिक्षक धीरेन्द्र मालवीय ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण से छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है। उन्हें करियर विकल्पों की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर जीवन सिंह मेवाड़ा, संचालक देवेंद्र परमार अरयन सिंह सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताया।

## समर्थन मूल्य 5328 रुपए फिर सोयाबीन मंडी में 3000 क्विंटल क्यों बिक रहा : हरपाल ठाकुर



**आष्टा।** किसान की सोयाबीन की फसल का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल मिलने पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय 2013-14 में किसान के सोयाबीन का समर्थन मूल्य 2560 रुपए प्रति क्विंटल था तब किसान को सोयाबीन कृषि मंडी में 4000 से लेकर 5000 रुपए प्रति क्विंटल भाव मिलता था तो आज केंद्र की मोदी सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है तो फिर आज 3000 रुपए प्रति क्विंटल क्यों खरीदा जा रहा है।

हरपाल ठाकुर ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से पूछते हुए कहा है कि जिस कांग्रेस पार्टी को आप चोर कहते थे उसके समय सोयाबीन का समर्थन मूल्य 2013-14 में 2560 रुपए प्रति क्विंटल होने पर किसान को सोयाबीन का भाव मंडी में 4 हजार से 5 हजार रुपए मिलता था आज 10 वर्ष बाद जब आपकी सरकार ने उनका समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है तो फिर किसान को सोयाबीन का भाव मंडी में 3000 रुपए प्रति क्विंटल क्यों मिल रहा है। इसका जिम्मेदार कौन है हरपाल ठाकुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित भाजपा नेताओं से सवाल पूछा कि किसानों को 5328 रुपए प्रति क्विंटल भाव मिलना चाहिए बीच में कौन लोग है जो किसान की गाड़ी कमाई की चोरी कर रहे हैं और आज सिर्फ किसान 3000 प्रति कुंतल मिल रहा है। हरपाल ठाकुर ने कहा कि 2014 के बाद किसान की फसल की लागत 3 गुना बढ़ गई खाद तीन गुणा महंगा बीज एवं कीटनाशक 3 गुना महंगा होने से लागत में से अनुपात में बड़ी है, परंतु केंद्र की सरकार एवं प्रदेश भाजपा की नीतियों के कारण आज किसान को सोयाबीन की फसल का भाव 2014 से भी कम मात्रा 3000 प्रति कुंतल मिल रहा है परंतु सरकार सिर्फ समर्थन मूल्य बड़ाकर अपने कर्तव्य का इतिश्री कर रही है। जबकि सरकार के जवाबदारी होती है जैसे कांग्रेस के समय सरकार ने कभी सोयाबीन समर्थन मूल्य से नीचे मंडी में नहीं बिकने दिया तो आज समर्थन मूल्य 5328 होने के बाद किसकी सह पर या किसी को लाभ पहुंचाने के लिए सोयाबीन का मूल्य 3000 मंडी में मिल रहा है हरपाल ठाकुर ने किसानों से कहा की आप मजबूती से भाजपा नेताओं से सवाल पूछो कि जब कांग्रेस से सरकार 2013-14 में थी तबसोयाबीन का समर्थन मूल्य 2560 रुपए प्रति क्विंटल था तब सोयाबीन मंडी में 4 से 5000 क्विंटल बिकता था तो आज आपकी भाजपा सरकार के समय सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए है फिर भी किसान को अपनी फसल का सोयाबीन का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल क्यों मिल रहा है। हरपाल ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष की खराब हुई फसल का ना तो सरकार ने मुआवजा दिया और ना ही वास्तविक बीमा दिया इस बार भी फसल खराब हुई है सर्वे के नाम की नौटंकी कर रहे हैं पर किसानों को मुआवजा और बीमा देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है सरकार को किसानों का हक देना चाहिए।

### दौरे में एसडीएम, तहसीलदार, कृषि बीमा अधिकारी रहे साथ

# 'अन्नदाता किसान भाई चिंता न करें, खराब हुई फसल की ज्यादा से ज्यादा दिलाऊंगा राहत राशि'





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कहीं कम बारिश से तो कहीं अधिक बारिश से, कहीं पिला मोजक व अन्य बीमारी लगने से तो कही अन्य कारणों से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामो में अन्नदाता किसान भाईयों द्वारा बोई गई सोयाबीन की फसल पर इस वर्ष काफी विपरीत प्रभाव पड़ा है। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर दो दिनों से लगातार ग्राम ग्राम पहुच कर किसानों के साथ उनके खेतों में पहुच कर खराब हुई फसलों को देख रहे हैं।

मंगलवार को दूसरे दिन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सादल-बल के आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पद्मश्री, रिछाड़िया, लसुड़िया विजयसिंह, नानकपुर, खामखेड़ा जत्रा, खाचरोद, बापचा बरामद, जसमत,पगारिया हाट,नीलबड़, खजुरिया कासम, लसुलड़िया पार पहुंचे। विधायक अपने साथ एसडीएम नितिन टाले, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले,एसएडीओ बीएस मेवाडा,बीमा कम्पनी के अधिकारी,आरआई,पटवारियो को भी लेकर गए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने खेतो में पहुंच कर किसान भाईयों से चर्चा कर फसलों की स्तिथि देखी ओर उनेह भरोसा दिया कि कलेक्टर साहब से मैने खराब हुई फसलों का सर्वे कराने की मांग की थी, उन्होंने तत्काल आदेश जारी कर एसडीएम आष्टा को निर्देश दिये और एसडीएम ने आष्टा एवं जावर तहसील में दल बना कर सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही सभी ग्रामो का दौरा करने के बाद में स्वयं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से भेंट कर क्षेत्र में फसलों की स्तिथि,नुकसान का प्रतिशत जो सर्वे में आयेगा उससे अवगत करूंगा। आज दौरे पर पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मौके से ही किसानों की उपस्तिथि में बीमा कम्पनी के अधिकारियों से बात कर उनेह फसलों की स्तिथि से अवगत कराया।

बीमा कम्पनी ने बताया की कम्पनी ने जांच शुरू कर दी है। सेटेलाइट से डाटा उठा लिया है। दौरे के दौरान विधायक ने खाटूलिया धाम पहुच कर बाबा महांकाल के दर्शन किये ओर बाबा का आशीर्वाद लिया। विधायक के साथ दौरे में खाचरौद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, युवा मोर्चे के महेंद्र ठाकुर, राजेन्द्र धारवा, जसवंत ठाकुर, मांगीलाल पाटीदार, शंकरलाल जाट, प्रेमनारायण वर्मा, रेवा शंकर जाट सहित बड़ी संख्या में सरपंच, पंच, ग्रामीण, किसान भाई, भाजपा के कार्यकर्ता साथ थे।

## परमार युवा संगठन ने संतश्री का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया स्वागत



**आष्टा।** नगर आगमन पर मालव माटी के प्रसिद्ध संतश्री विनोद नागरका अलीपूर में परमार युवा संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। संतश्री की भागवत कथा से नगर सहित क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधू अति प्रसन्न हैं उनकी कथा में हजारों की तादाद में भक्तगण उपस्थित रहतें हैं नगर में हर वर्ष 1 जनवरी से 7 जनवरी से श्रीमदभागवत कथा संतश्री विनोद नागर के मुखारविंद से होती आ रही है। संतश्री के नगर आगमन पर परमार युवा संगठन द्वारा उनका अभिनन्दन किया व प्रतीकचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

संतश्री का स्वागत एंवं आशीर्वाद लेते हुए भीमसिंह परमार, राकेश परमार, देवराज परमार, परमार युवा संगठन के अध्यक्ष मानसिंह परमार, जितेंद्र परमार, दिनेश परमार, प्रवीण परमार, शिवम परमार, अरुण राज परमार आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### घट स्थापना के साथ देर रात तक होती रही मां दुर्गा की स्थापना

**जावर।** सोमवार को मां दुर्गा की विभिन्न पांडालों में घट स्थापना एवं मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ शारदेय नवरात्रि पर्व का प्रारंभ हुआ इस दौरान सभी पांडालों में शुभ मुहूर्त देखकर मां भगवती की प्रतिमाओं की स्थापना की गई और मंदिरों में भी कलश का पूजन कर उनकी स्थापना हुई।

